NEWS18 हिंदी

# छपरा में सवा पांच लाख के नकली नोट बरामद, असम और यूपी से जुड़े हैं गिरोह के तार

Saran News in Hindi




**मामले की जानकारी देते एसपी**

## एसपी ने बताया कि इस गिरोह के तार असम और उत्तर प्रदेश से भी जुड़े हुए हैं जहां के बाजार में नोटों की सप्लाई 60/40 के रेशियो में की जाती है यानी 400 असली नोट के बदले 1000 का नकली नोट दिया जाता है.

- NEWS18 BIHAR
- **LAST UPDATED:** APRIL 4, 2019, 11:25 AM IST

होम » बिहार

बिहार के छपरा में पुलिस को नकली नोट बनाने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने नकली नोट छापने वाले रैकेट का उद्भेदन किया है. जिले के बनियापुर में छापेमारी कर पुलिस ने 5 लाख 25 हजार रूपए के नकली नोट के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है.

गिरफ्तार लोगों में नोट छापने वाले रैकेट के सरगना भी शामिल है. सारण एसपी हर किशोर राय ने **news18** को बताया कि पुलिस को आशंका है कि नोट को लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए छापा जा रहा था. एसपी ने बताया कि इस गिरोह के तार असम और उत्तर प्रदेश से भी जुड़े हुए हैं जहां के बाजार में नोटों की सप्लाई 60/40 के रेशियो में की जाती है यानी 400 असली नोट के बदले 1000 का नकली नोट दिया जाता है.

एसपी ने बताया कि जाली नोट छापने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को बनियापुर और कोपा में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है. एसपी ने इस कांड का उद्भेदन करने वाले एसआईटी टीम को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की है. पुलिस फिलहाल रैकेट के सदस्यों से पूछताछ कर रही है.

**रिपोर्ट- संतोष गुप्ता**

**Source:** https://hindi.news18.com/news/bihar/saran-racket-of-fake-currency-arrested-at-chapra-in-bihar-bramk-1832089.html